सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 78 भाद्र 5, गुरुवार, शाके 1948– अगस्त 27, 2026 अंक 22
Vol. 78 Bhadra 5 , Thursday, Saka 1948–August 27, 2026 No. 22

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, महेन्द्र छाबा, पुत्र श्री रिद्धकरण, जाति जाट, निवासी डेह, तहसील डेह, जिला नागौर (राजस्थान), विधिवत शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ:–

1. यह कि मैं उक्त पते का स्थायी निवासी हूँ तथा इस शपथ–पत्र की निष्पादक एवं कथनकर्ता हूँ।
2. यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक, सही एवं प्रचलित नाम कार्तिक छाबा (KARTIK CHHABA) है।
3. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण–पत्र में त्रुटिवश उसका नाम बलराम (BALRAM) अंकित हो गया है, जबकि उसका सही एवं वास्तविक नाम कार्तिक छाबा (KARTIK CHHABA) है।
4. यह कि जन्म प्रमाण–पत्र में अंकित नाम बलराम (BALRAM) तथा वास्तविक नाम कार्तिक छाबा (KARTIK CHHABA) एक ही व्यक्ति के नाम हैं तथा दोनों नामों से संबंधित व्यक्ति मेरा पुत्र ही है।
5. यह कि मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण–पत्र में अंकित नाम बलराम (BALRAM) के स्थान पर सही नाम कार्तिक छाबा (KARTIK CHHABA) दर्ज करवाना चाहता हूँ तथा इसी उद्देश्य से यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ।
6. यह कि मैं यह शपथ पत्र मेरे पुत्र के नाम संशोधन संबंधी राजपत्र (Gazette Notification) में प्रकाशन करवाने तथा संबंधित विभाग, कार्यालयों एवं अभिलेखों में आवश्यक संशोधन करवाने हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ।

महेन्द्र
शपथग्रहीता

तस्दीक

मैं, महेन्द्र छाबा, पुत्र श्री रिद्धकरण, उपर्युक्त शपथग्रहिता, यह तस्दीक करता हूँ कि इस शपथ पत्र में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही हैं तथा इनमें कोई तथ्य असत्य नहीं है।

महेन्द्र
शपथग्रहीता

ATTESTED
RAMNIVAS VISHNOI
19-06-2026
CENTRAL NOTARY PUBLIC
NAGAUR
17824

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।